भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1328

दिनांक 11 फरवरी, 2026 के लिए प्रश्न

पशुओं में कैंसर के बढ़ते मामले

1328 श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकियाः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मनुष्यों की तरह पशुओं में भी कैंसर जैसे रोग पाए जाते हैं;

(ख) क्या पिछले कुछ समय से, विशेष रूप से कुत्तों में, कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं;

(ग) क्या यह बातें सरकार के संज्ञान में हैं;

(घ) यदि हां, तो इस बीमारी की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) इस उपचार की लागत को कम करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क), (ख) और (ग) जी हां, उम्र, आनुवांशिकता, पर्यावरण, शारीरिक, जैविक, आहार, मोटापा आदि कारकों के कारण पशुओं को भी कैंसर हो सकता है। कुत्तों में कैंसर की घटनाओं में वृद्धि संबंधी कोई रिपोर्ट भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग को नहीं मिली है।

(घ) और (ङ) रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम नीचे दिए गए हैं:

i. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) पशुओं में कैंसर के निदान और औषधीय एवं शल्य चिकित्सा प्रबंधन संबंधी पर परियोजनाएं चलाती है, जिसमें कुत्तों में कैंसर बायोमार्कर की पहचान, कुत्तों में स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए assay का विकास और कुत्तों में कैंसर के उपचार के लिए चिकित्सीय हस्तक्षेपों का विकास शामिल है।

ii. पशुधन और पोल्ट्री के लिए 'मानक पशु चिकित्सा उपचार दिशानिर्देश (SVTG)' तैयार किए गए हैं, ताकि पशु चिकित्सा देखभाल में सर्वोत्तम प्रथाएं को सुनिश्चित की जा सकें और पशुधन के स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण को बढ़ाया जा सके, साथ ही रोगाणुरोधी दवाओं सहित दवाओं का जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग भी सुनिश्चित किया जा सके।

iii. पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को पशुपालन की सर्वोत्कृष्ट प्रथाओं, जैव सुरक्षा/स्वच्छता उपायों, पशु रोगों के लिए टीकाकरण, रोग निगरानी और मॉनीटरिंग तथा क्षमता निर्माण संबंधी प्रशिक्षण और जागरूकता हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जो रोग निवारण एवं नियंत्रण में सहायक होती है।

iv. LHDCP के पशु चिकित्सा अस्पताल एवं औषधालयों स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण (ESVHD-MVU) कार्यक्रम के अंतर्गत, MVU के जमीनी संचालन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को साझा आधार पर आवर्ती वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अब तक, देश के 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 4019 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयाँ (MVU) कार्य कर रही हैं।

v. भारत में पशु चिकित्सा अवसंरचना के न्यूनतम मानकों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को इन्हें अपनाने और आवश्यक कार्रवाई करने के अनुरोध के साथ परिचालित किया गया है।

*****